प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

भारतीय रेड क्रास समिति, पन्तनगर के तत्वाधान में आयोजित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन

भारतीय रेड क्रास समिति, पन्तनगर के तत्वाधान में आयोजित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने अपने आर्शीवचन में कहा कि यह सुविधा भारत सरकार के प्रयासों को सार्थक करती है। यह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र पंतनगर की जनता एवं विद्यार्थियों के लिये बहुत लाभदायी एवं सराहनी कार्य हैं, उन्होंने कहा कि भविष्य में भारतीय रेड क्रास समिति, पन्तनगर को उनकी मदद की आवश्यकता होगी तो वह तत्परता से मदद करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. अजय कुमार उपाध्याय, अध्यक्ष, भारतीय रेड क्रास समिति, पंतनगर द्वारा की गयी और उन्होंने विगत वर्षों में भारतीय रेड क्रास समिति, पंतनगर द्वारा किये गये कार्यों के विषय में संक्षिप्त रूप में अवगत कराया जैसे रक्तदान शिविर, विकलांगता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर। अन्त में भारतीय रेड क्रास समिति के सचिव श्री कृष्ण पाल राठी जी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि एवं वरिष्ठ महिला समाज सेविका श्रीमती सीमा अरोरा, पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक डा. एस.के. मलिक, प्रबंध परिषद के सदस्य डा. विशाल राणा तथा निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल मंचासीन थे। साथ ही प्रभारी अधिकारी चिकित्सालय डा. पी. प्रभाकरन, चिकित्साधिकारी डा. दीपक त्रिपाठी आमंत्रित अतिथिगण एवं पंतनगर परिसरवासी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।

निदेशक संचार